भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4830**

जिसका उत्तर 21.08.2025 को दिया जाना है

**ओडिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग**

†4830. श्री अभिमन्यु सेठी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने ओडिशा में उन सड़क खंडों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पूरी कर ली है जिन्हें 10 नवंबर, 2015 के पत्र के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के रूप में "सैद्धांतिक" अनुमोदन प्रदान किया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में औपचारिक घोषणा के संबंध में इन सड़क खंडों में से प्रत्येक की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार इन सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित करने की प्रक्रिया और कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो डीपीआर सलाहकारों की नियुक्ति के बावजूद अंतिम घोषणा में देरी के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पहले ही 10 नवंबर, 2015 को ओडिशा में कुछ सड़क खंडों को "सैद्धांतिक" रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) की मंजूरी दे दी थी और भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी (आईएएचई) और ओडिशा सरकार के राज्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना शुरू कर दिया गया था। जुलाई 2020 में, सरकार ने ऐसे सभी परामर्शी कार्यों को समय पूर्व बंद करने का निर्णय लिया है और यदि राज्य सरकार अपने संसाधनों के माध्यम से उन खंडों को विकसित करने का विचार करती है, तो उनके संदर्भ/उपयोग के लिए परामर्शदाताओं द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों को राज्य सरकार के साथ साझा करने का निर्णय लिया है। सरकार द्वारा सभी छह परामर्शी कार्य बंद कर दिए गए हैं।

*****